भर्ती हेतु सूचना

परामर्शदाता– प्रशिक्षण एवं समन्वय (एनसीडी) (1 पद)

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली, पूर्णतः संविदा आधार परउपर्युक्त पद के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

कार्य एवं दायित्वः

1. कार्यक्रम की जरूरतों के अनुसार स्वास्थ्य कार्यबल की प्रशिक्षण जरूरतों का मूल्यांकन करने के लिए एनपीसीडीसीएस कार्यक्रम टीम के साथ गहन समन्वय में कार्य करना।
2. कार्यक्रम की जरूरतों के अनुरूप, एक प्रशिक्षण रणनीति तैयार करना।
3. प्रशिक्षण मॉड्यूलों को अद्यतन करने में सहयोग एवं समन्वय करना और राज्यों में प्रचार–प्रसार करना।
4. प्रशिक्षण सामग्री के व्यापक प्रचार–प्रसार के लिए ई–लर्निंग पैकेज जैसी नवीन प्रशिक्षण पद्धति का विकास करना और उसे कार्यान्वित करना।
5. अन्य सुसंगत स्वास्थ्य कार्यक्रम की प्रशिक्षण योजनाओं के साथ समन्वय में एनपीसीडीसीएस के लिए प्रशिक्षण योजनाएं और प्रशिक्षण कैलेंडर तैयार करने के लिए राज्यों को सहयोग करना।
6. राज्यों में गुणवत्ता और विषय–वस्तु के लिए प्रशिक्षणों का पर्यवेक्षण करना और आवश्यकतानुसारसुधार करने के लिए फीडबैक देना।
7. प्रशिक्षण कार्यक्रमों के मूल्यांकन के लिए साधन (टूल्स) विकसित करना और प्रशिक्षण मूल्यांकनों के आयोजन में राज्यों को सहयोग करना।
8. राज्य स्तर पर आयोजित किए जाने वाले प्रशिक्षणों के बारे में एक व्यापक रिपोर्ट संकलित करना और तैयार करना और यथावश्यकसंशोधनों का सुझाव देना।
9. राज्य पीआईपी के मसौदे के तहत एनपीसीडीसीएस के अंतर्गत शामिल प्रशिक्षण घटकों की समीक्षा करना और उनपर टिप्पणी करना।
10. आबंटित क्षेत्र के भीतर अतिरिक्त तकनीकी भूमिकाएं (प्रकाशन, अध्ययन, प्रशिक्षण और जानकारी प्रबंध)
11. समय–समय पर सौंपे जाने वाले कोई अन्य कार्य करना।

अनिवार्य योग्यता एवं अनुभवः

- एमबीबीएस के साथ सामुदायिक चिकित्सा/सामुदायिक स्वास्थ्य प्रशासन/जन स्वास्थ्य में एमडी या उसके समकक्ष उपाधि।
- स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त करने के उपरांत न्यूनतम 2 वर्षों का अनुभव।
- राष्ट्रीय/राज्य स्तर के किसी शिक्षण/प्रशिक्षण संस्थान या जन स्वास्थ्य कार्यक्रम में कार्य करने का अनुभव (वांछनीय)

आयु सीमाः 45 वर्ष तक। सेवानिवृत्त सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के अधिकारी 62 वर्ष की आयु तक आवेदन करने के पात्र हैं।
पारिश्रमिकः 60,000–80,000/– रु. प्रतिमाह (समेकित)।
रिपोर्टिंग अधिकारीः निदेशक (एनसीडी), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय।
कार्य स्थलः नई दिल्ली।
नोटः

(i) आवेदनकर्ताको डेटा संकलन, बुनियादी विश्लेषण, इंटरनेट के उपयोग और प्रस्तुति के लिए वर्ड्स प्रोसेसिंग वर्कशीट में कंप्यूटरके उपयोग की जानकारी होनी चाहिए।
(ii) आवेदनकर्ता को निगरानी एवं पर्यवेक्षण करने के लिए बड़े पैमाने पर दौरे करने में सक्षम होना चाहिए।
(iii) आयु सीमाः आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को।
(iv) कार्यकालः 31 मार्च, 2017 तक।
(v) पारिश्रमिक, योग्यता एवं अनुभव के आधार पर दी गई सीमा में नियत किया जाएगा।

नोटः कार्यकाल, वरीयता और परस्पर सहमत नियम एवं शर्तों के अनुसार नियमानुसार एवं स्कीम के दिशानिर्देशों के अनुसार बढ़ाया जा सकता है।

आवेदन, ई–मेल द्वारा ncd.nhsrc@gmail.com पर अथवा डाक द्वारा/दस्ती रूप से मानव संसाधन प्रबंधक, एनएचएसआरसी, एनआईएचएफडब्ल्यू परिसर, बाबा गंग नाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली–110067 को **दिनांक 21 फरवरी, 2016 को अपराह्न 4 बजे तक** पहुंच जाने चाहिए। **कृपया डाक द्वारा भेजे गए आवेदनों के मामले में लिफाफे पर तथा ई–मेल से किए जाने वाले आवेदनों के मामले में विषय–लाइन पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख अवश्य करें, अन्यथा आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।**